ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 06 अक्टूबर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 168

बिहार में छठ के बाद 2 फेज में चुनाव:6 और 11 नवंबर को वोटिंग, नतीजे 14 नवंबर को



24 न्यूज अपडेट

बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 2 फेज में वोटिंग होगी। मतदान 6 और 11 नवंबर को और नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

चुनाव के ऐलान से काउंटिंग तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। पहले फेज की वोटिंग छठ के 8 दिन बाद होगी। सभी राजनीतिक दलों ने वोटिंग की तारीखें दिवाली और छठ के बाद रखने की अपील की थी।

बिहार में 40 साल बाद 2 फेज में चुनाव

बिहार में 40 साल बाद दो फेज में चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले 1985 में चुनाव 2 फेज में हुए थे। भाजपा और आरजेडी ने 2 फेज में चुनाव कराने की मांग की थी। जेडीयू ने एक फेज में चुनाव कराने को कहा था।

पिछले चुनाव यानी 2020 में 3 फेज में 20 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच वोटिंग हुई थी। 10 नवंबर को नतीजे घोषित हुए थे। इससे पहले 2015 में 5 फेज में 12 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच वोटिंग और 8 नवंबर को नतीजे आए थे।

7.42 करोड़ वोटर, 14 लाख पहली बार वोटिंग करेंगे

राज्य में 243 सीटें हैं, जिनमें करीब 7.42 करोड़ वोटर हैं। इनमें 100 साल ऊपर के 14 हजार वोटर शामिल हैं। पोलिंग बूथ जाने में असमर्थ लोग फॉर्म 12 D भरकर घर से वोट डाल सकेंगे। राज्य में 14 लाख लोग पहली बार वोट डालेंगे। इस बार वोटर बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे।

RJD के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा,"राजद पूरी तरह तैयार है। बिहार बदलाव के मूड में है। हम 2025 महागठबंधन 235 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। चाहे जद(यू) हो या भाजपा, उनके पास कोई ठोस एजेंडा नहीं है। बिहार में बिना दिशा की सरकार चल रही है, जिसे दिल्ली से नियंत्रित किया जा रहा है। राज्य में भ्रष्टाचार और अराजकता चरम पर है।" चुनाव आयोग ने 7 राज्यों में विधानसभा सीटों पर उप चुनाव का ऐलान भी किया। जम्मू-कश्मीर में बडगाम और नागरोटा, राजस्थान में अंता, झारखंड में घाटसिला (ST), तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डम्पा और ओडिशा की नुआपाडा विधानसभा सीट शामिल है। यहां 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव से निर्वाचन आयोग का नया 'ECI NET' सिंगल विंडो एप लॉन्च किया जाएगा।

यह एप बिहार चुनाव से पूरी तरह संचालित और सक्रिय रहेगा, जिसके जरिए निर्वाचन से जुड़ी सभी प्रमुख प्रक्रियाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

ओला इलेक्ट्रिक ने बिना रेयर अर्थ मेटल वाली मोटर बनाई:देश की पहली फेराइट मोटर को सरकार की मंजूरी; इससे चीन पर निर्भरता कम होगी



24 न्यूज अपडेट

इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने देश की पहली बिना रेयर अर्थ मेटल वाली टू-व्हीलर फेराइट मोटर बनाई है। इस मोटर को सरकार की ओर से भी मंजूरी दे दी गई है।

अभी भारत इलेक्ट्रिक व्हीकल मोटर बनाने के लिए चीन पर निर्भर है। चीन जब भी रेयर अर्थ मेटल के एक्सपोर्ट पर रोक लगाता है तो भारत में इलेक्ट्रिक मोटर का प्रोडक्शन प्रभावित होता है।

ऐसे में बिना रेयर अर्थ मेटल वाली तकनीक से भारत की चीन पर निर्भरता कम होगी। ओला इलेक्ट्रिक ने बताया कि उनकी बैटरी को सर्टिफिकेट तमिलनाडु के ग्लोबल ऑटोमोटिव रिसर्च सेंटर (GARC) से मिला है।

GARC ने सड़क परिवहन मंत्रालय के तय किए गए AIS 041 नियमों के हिसाब से ओला की इस मोटर को टेस्ट किया है।

सस्ती होगी मोटर, दूसरे देशों पर निर्भरता कम होगी

ओला इलेक्ट्रिक ने इसी साल अगस्त में अपने 'संकल्प 2025' प्रोग्राम में पहली बार इस फेराइट मोटर की तकनीक दिखाई थी। नई फेराइट मोटर 7kW और 11kW दोनों तरह के मॉडलों में, उन मोटरों जितना ही अच्छा काम करती है जिनमें रेयर अर्थ मेटल का इस्तेमाल होता है।

ओला इलेक्ट्रिक का कहना है कि फेराइट मोटर उसी क्षमता, प्रदर्शन और मजबूती के साथ चलती है, लेकिन इसकी लागत बहुत कम है। साथ ही, इससे सप्लाई चेन में आने वाले उतार-चढ़ाव का खतरा भी खत्म हो जाएगा, जिससे स्कूटर बनाना आसान और सस्ता होगा।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश, नारा लगाया, "सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों के हवाले से न्यूज एजेंसी PTI ने बताया कि आरोपी वकील ने जूता फेंका, लेकिन वह सीजेआई की बेंच तक नहीं पहुँच सका। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत वकील को पकड़ लिया। कोर्ट से बाहर जाते वक्त आरोपी ने नारा लगाया, "सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।" घटना के बाद CJI गवई ने अदालत में मौजूद वकीलों से कहा कि वे अपनी दलीलें जारी रखें और इस घटना से परेशान न हों। उन्होंने कहा, "मैं भी परेशान नहीं हूं, इन चीजों से मुझे फर्क नहीं पड़ता।" मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी वकील का नाम राकेश किशोर कुमार है। सुप्रीम कोर्ट बार में उनका रजिस्ट्रेशन 2011 का है। माना जा रहा है कि वह मध्य प्रदेश के खजुराहो के जवारी (वामन) मंदिर में भगवान विष्णु की 7 फीट ऊंची खंडित मूर्ति की पुनर्स्थापना पर CJI की टिप्पणियों से नाराज था। 16 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने खंडित मूर्ति की बहाली की याचिका खारिज करते हुए कहा था, "जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो।" इस टिप्पणी पर सोशल मीडिया पर विवाद बढ़ा। 18 सितंबर को CJI ने सफाई दी कि उनकी टिप्पणी को गलत तरीके से दिखाया गया, और वे सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कहा कि सोशल मीडिया में बातें बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई जाती हैं। वहीं, वीएचपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि न्यायालय न्याय का मंदिर है और सभी का कर्तव्य है कि अदालत में और बाहर अपनी वाणी पर संयम रखें।

गुजरात में नकली घी बनाने वाली 3 फैक्ट्रियां पकड़ायी, भोपाल से आता कच्चा माल, महाराष्ट्र में होती बिक्री

24 न्यूज अपडेट

सूरतः गुजरात पुलिस ने सूरत में नकली घी बनाने वाली तीन अवैध फैक्ट्रियों और गोदामों पर छापा मारकर एक बड़े खाद्य मिलावट रैकेट का भंडाफोड़ किया है. पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने छापेमारी में 67 लाख रुपये की मिलावटी घी और 1.20 करोड़ रुपये की मशीनरी जब्त की. अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है.



गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जयेश रमेशचंद्र मैसूरिया, अंकित टेकचंद पंचीवाला, सुमित जयेश मैसूरिया और दिनेश तेजाजी गहलोत शामिल हैं. पुलिस जांच में पता चला है कि नकली घी बनाने का कच्चा माल आरोपियों ने भोपाल से लाया था. मुख्य आरोपी जयेश ने छह सेल्समैन और अंकित, सुमित और दिनेश ने दो-दो सेल्समैन रखे थे. ये 10 सेल्समैन बाजार में इस नकली घी बेच रहे थे. पुलिस इनकी तलाश कर रही है.

10 ग्राम सोना 1.19 लाख पार, 2295 महंगा हुआ:इस साल दाम 43,000 बढ़े; चांदी की कीमत 1.49 लाख प्रति किलो हुई



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम आज यानी 6 अक्टूबर को एक बार फिर ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,295 रुपए बढ़कर 1,19,249 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले ये 1,16,954 रुपए पर था।

वहीं, चांदी की कीमत भी 3,223 रुपए महंगी होकर 1,48,833 रुपए पर पहुंच गई। कल (रविवार को) ये 1,45,610 रुपए पर थी।

वांगचुक अरेस्ट केस- SC में 14 अक्टूबर तक सुनवाई टली:पत्नी ने हिरासत में लेने की वजह पूछी, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस भेजा





24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जोधपुर जेल में बंद सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से जुड़ी हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका पर जवाब मांगा है।

वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो की याचिका में पति की NSA के तहत गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। साथ ही उनकी तत्काल रिहाई की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर तक टल गई है।

कोर्ट में वांगचुक के वकील कपिल सिब्बल ने दलील में कहा- सोनम वांगचुक को जिन कारणों से हिरासत में लिया गया, उसकी कॉपी परिवार को नहीं सौंपी गई है।

इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- हिरासत के कारण हिरासत में लिए गए व्यक्ति (वांगचुक) को पहले ही दिए जा चुके हैं। इसकी कॉपी वांगचुक की पत्नी को देने पर विचार किया जाएगा।

दरअसल, 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं।

2 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी ने गीतांजलि अंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) याचिका दायर की थी। अनुच्छेद 32 के तहत दावा किया था कि उनके पति की गिरफ्तारी अवैध है।

क्या कफ सिरप में था जहरीला केमिकल?:जिस कंपनी की दवा, उसके 42 सैंपल पहले हो चुके फेल

24 न्यूज अपडेट


राजस्थान में कफ सिरप पीने से 4 बच्चों की मौत के कारण हंगामा मचा हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने चारों मौत के पीछे अलग-अलग कारण बताए हैं। स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ का कहना है कि इसके पीछे दिमागी बुखार भी हो सकता है। अभी विस्तृत स्तर पर जांच कराई जाएगी।



उधर, मध्य प्रदेश में 10 बच्चों की मौत की वजह बताए जा रहे कोल्ड्रिफ कफ सिरप में 48.6% डाईएथिलीन ग्लाइकॉल की मिलावट सामने आई है। हालांकि, राजस्थान में कफ सिरप के 6 सैंपल की जांच में ऐसी कोई मिलावट नहीं मिली है।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगर कफ सिरप जांच में सही है तो फिर सरकारी अस्पतालों में इसके वितरण पर रोक क्यों है? क्या कफ सिरप में खतरनाक केमिकल डाईएथिलीन ग्लाइकॉल था। जांच रिपोर्ट में क्या-क्या मिला और जब सब कुछ सही है तो नए केस थमने का नाम क्यों नहीं ले रहे हैं?

सेंसेक्स 583 अंक चढ़कर 81,790 पर बंद:निफ्टी में भी 183 अंक की तेजी रही; IT, बैंकिंग और हेल्थकेयर सेक्टर में ज्यादा खरीदारी



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 6 अक्टूबर को सेंसेक्स 583 अंक चढ़कर 81,790 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 183 अंक की तेजी रही, ये 25,078 पर बंद हुआ।

आज IT, बैंकिंग और हेल्थकेयर सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.3% तक की तेजी रही। वहीं, मीडिया और मेटल गिरकर बंद हुए।

संपादकीय : शांति की चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीस सूत्री शांति योजना की कुछ शर्तों पर हमास की ओर से सहमति जताना वास्तव में महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। इसे गाजा में शांति कायम होने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि इजराइल पहले ही इस योजना पर आगे बढ़ने को लेकर अपनी इच्छा जता चुका है। अब इजराइली सेना ने कहा है कि वह इस योजना के पहले चरण के लिए तैयारियां तेज करेगी। मगर, इजराइल की ओर से शनिवार को गाजा पर फिर हमला किए जाने की खबरों ने शांति के इन प्रयासों की राह में विरोधाभास पैदा कर दिया है। यह तब हुआ है, जब हमास की सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका ने इजराइल को गाजा पर हमले तुरंत रोकने को कहा। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि इस ताजा हमले के पीछे स्थानीय कारण हो सकते हैं और इसे शांति के मार्ग में बाधा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। मगर, ऊहापोह की इस स्थिति में इतना तय है कि अगर इजराइल और हमास एक- दूसरे पर फिलहाल हमले बंद करने का सैद्धांतिक तौर पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेते हैं, तो इस योजना पर आगे बढ़ना आसान नहीं होगा। अमेरिकी प्रस्ताव पर हमास ने अपने बयान में कहा है कि वह बंधकों को रिहा करने और सत्ता अन्य फिलिस्तीनियों को सौंपने के लिए तैयार है। हालांकि, इस बयान में हमास के हथियार डालने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो अमेरिकी प्रस्ताव में शामिल इजराइल की एक प्रमुख मांग थी। इसके साथ ही हमास ने प्रस्ताव की अन्य शर्तों पर कहा है कि इन्हें लेकर संगठन के भीतर कुछ विरोधाभास है, जिन पर विस्तृत चर्चा करने की जरूरत है। यानी हमास अभी इस प्रस्ताव पर पूरी तरह सहमत नहीं है । जाहिर है कि वह किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले प्रमुख शर्तों के तात्कालिक एवं दूरगामी प्रभावों और आशंकाओं का आकलन करना चाहता है। अब सवाल यह है कि इजराइल ने बिना देर किए अमेरिकी प्रस्ताव पर तत्काल सहमति कैसे और क्यों जता दी! इसका जवाब प्रस्ताव की शर्तों में ही छिपा है। माना जा रहा है कि ज्यादातर शर्तें इजराइल के पक्ष में है और जहां उसे संदेह है, वहां कोई बीच का रास्ता निकालने की गुंजाइश बनी रहेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि गाजा में शांति की इस पहल को एक अवसर के रूप लिया जाना चाहिए और दोनों पक्षों को इस पर बिना किसी संकोच के आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही इस बात पर जोर दिया है कि अगर इजराइल ने गाजा में बमबारी तुरंत नहीं रोकी, तो शांति की कोशिशें पटरी से उतर सकती हैं। ऐसे में जानकारों का कहना है कि इस तरह के हमले जारी रहने से शांति योजना को जमीन पर उतारना आसान नहीं होगा। इसलिए जरूरी है कि दोनों पक्षों की ओर से धैर्य और संयम बरता जाए। इजराइल और हमास के बीच करीब दो वर्षों से जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या 67,000 से अधिक हो गई है, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। इसलिए जरूरी है कि मानवीय संवेदनाओं को केंद्र में रखकर इस युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए जाएं।

भ्रम के सहारे

यह बेहद अफसोसनाक है कि दिल्ली जैसे शहर में कुछ मशहूर कोचिंग संस्थान भी अपने प्रचार में भ्रामक बातों का सहारा लेकर विद्यार्थियों को दाखिला लेने के लिए आकर्षित करते हैं। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने इस प्रवृत्ति पर लगाम लगाने के लिए पहले भी कार्रवाई की थी. लेकिन कई कोचिंग संस्थानों ने अपने प्रचार में भ्रम परोसना जारी रखा। अब एक बार फिर प्राधिकरण ने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए दिल्ली स्थित एक जाने- माने कोचिंग संस्थान पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। संभव है कि भारी कमाई करने वाले किसी संस्थान के लिए यह रकम बहुत बड़ी न हो, लेकिन इस जुर्माने से यह एक बार फिर स्पष्ट होकर सामने आया है कि इस तरह के संस्थान सार्वजनिक रूप से झूठे आंकड़े रखते हैं और विद्यार्थियों को बरगलाते हैं। गौरतलब है कि प्राधिकरण ने जिस संस्थान पर जुर्माना लगाया, उसने अपने विज्ञापन में संघ लोक सेवा आयोग की एक परीक्षा में दो सौ सोलह उम्मीदवारों के नाम और तस्वीरों के साथ उनके चयन का दावा किया था। जबकि प्राधिकरण की जांच में इस दावे को गुमराह करने वाला पाया गया। सवाल है कि इस तरह का भ्रम परोसने की जरूरत किसी संस्थान को क्यों पड़ती है? दरअसल, पिछले कुछ दशकों के दौरान ज्यादातर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग संस्थान में दाखिला लेकर तैयारी करना एक आम चलन हो चुका है। इसके लिए प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले ज्यादातर युवा किसी संस्थान का चुनाव करने के मामले में काफी हद तक उसके बारे में प्रचारित बातों से प्रभावित होते हैं। किसी कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में प्रचार के आकर्षण की बड़ी भूमिका होती है। इसी क्रम में कुछ संस्थान अपने बारे में किए गए प्रचार में जिन बातों का सहारा लेते हैं, उनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जो झूठ की बुनियाद पर टिके होते हैं। मसलन, प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग की खोज करते विद्यार्थियों को यह बताना कि उस संस्थान में पढ़ने के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की। जाहिर है, ऐसी बातों से युवा आकर्षित होंगे, लेकिन सवाल है कि भ्रम की बुनियाद पर चलने वाले कोचिंग संस्थान अपने बारे में कैसा मानक सामने रख रहे हैं !

मोबाइल खो जाए तो पुलिस से तत्काल कार्रवाई की उम्मीद न रखें, शिकायत लिखने में लालफीताशाही



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर शहर में हाल ही में एक नामी पत्रकार का मोबाइल गुम हो गया। थाने गए तो पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से साफ इनकार कर दिया। मोबाइल में महत्वपूर्ण और गोपनीय डेटा था, जिसके खो जाने पर पत्रकार के लिए बड़ा नुकसान साबित हो सकता था। थाने में शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस ने बिल और आधार कार्ड की हार्ड कॉपी मांगी, जबकि पत्रकार ने व्हाट्सएप या डिजिटल माध्यम से सूचना देने की गुजारिश की। मगर इसके पुरानी लकीर पीट कर लाल फीताशाही दिखाते हुए पुलिस ने शिकायत ही दर्ज नहीं की। आखिरकार पत्रकार ने खुद तकनीकी उपायों और आईएमईआई नंबरों के प्रयोग से अपने खुद के न्यूज नेटवर्क सोर्स के जरिये मोबाइल ढूंढ निकाला। जिस व्यक्ति के पास मोबाइल मिला, उसने अपनी गलती स्वीकार की व मोबाइल लौटा दिया।

अब सवाल यह उठता है कि यदि पत्रकार के साथ यह हो सकता है, तो आम नागरिकों के साथ पुलिस क्या व्यवहार करेगी। हम थाने का नाम इसलिए नहीं लिख रहे हैं क्योंकि जो लोग खोजी हैं वे खुद नाम खोज लेंगे और जिन्हें नहीं पता है वे पुलिस की कार्यप्रणाली से तो परिचित हो ही जाएंगे। पुलिस के आला अधिकारी भी उम्मीद है कि सिस्टम को गति देने व सुस्ती व लालफीताशाही छोड़ने का प्रयास करने का प्रयास करेंगे।

इस मामले को लेकर जब उसी थाने में आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी गई कि मोबाइल खो जाने या रास्ते में गिरने पर एफआईआर/प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु आवश्यक दस्तावेज कौनसे चाहिए। आईएमईआई देने के बावजूद शिकायत न दर्ज करने के नियम और उच्चाधिकारियों के आदेश के बारे में बताएं। 1 जनवरी 2025 से अब तक संबंधित थाने में मोबाइल खो जाने के प्रकरण कितने दर्ज हुए। उन प्रकरणों पर की गई कार्रवाई। इन सवालों पर पुलिस ने उत्तर में कहा कि सूचना किसी भी प्रारूप में संधारित नहीं की जाती, यानी पुलिस यह सूचना भी नहीं रखती कि मोबाइल गुम होने के कितने मामले उसके पास आए। जबकि मजे की बात है कि वही पुलिस थानों में फोटो खिंचवा कर मोबाइल लौटाने पर मीडिया जलसा जरूर करती है व व्यापक प्रचार प्रसार करती है कि फलां थाने ने इतने लाख के मोबाइल लौटाए। जब मोबाइल खोने का डेटा नहीं है तो वापस रिकवर करने का डेटा कहां से आ गया??

स्मार्ट मीटर और बढ़े स्थायी शुल्क के विरोध में प्रदर्शन कल, सविना स्थित विद्युत निगम कार्यालय पर होगा आंदोलन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 अक्टूबर। स्मार्ट मीटर लगाने और बिजली के स्थायी शुल्क में बढ़ोतरी के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति और कच्ची बस्ती फेडरेशन द्वारा 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सविना स्थित अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। माकपा शहर सचिव हीरालाल सालवी ने बताया कि प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से मांग की जाएगी कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तुरंत बंद की जाए और पहले से लगाए गए स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर पुनः स्थापित किए जाएं। इसके साथ ही बढ़े हुए स्थायी शुल्क को वापस लेकर बिजली दरें सस्ती करने, बार-बार होने वाली बिजली कटौती रोकने, बिलों में आने वाली त्रुटियों का तत्काल सुधार करने और अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। सालवी ने कहा कि बिजली के निजीकरण की नीति को वापस लिया जाए और विभाग में खाली पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि उपभोक्ताओं को सुचारु सेवा मिल सके।

सांवलिया सेठ के दरबार में वीआईपी कल्चर, साधारण दर्शनार्थी को धक्का, वीआईपी को दर्शन और रील बनाने का भरपूर मौका



24 न्यूज अपडेट

सांवलिया सेठ के दरबार में अब प्रबंधकों की ओर से वीआईपी कल्चर को प्रमोट किया जा रहा है। इसे लेकर भक्तजनों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि सांवलिया सेठ किसी धन्ना सेठ के भगवान नहीं है बल्कि हर आम जन के दिलों में बसने वाले हैं। उनके दरबार में इस तरह से भेदभाव करना अनुचित है। और अगर ऐसा कोई कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। आपको बता दें कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर दो वीडियो शेयर किए गए जिनसे वीआईपी कल्चर और दर्शन करने गए आमजन के साथ वहां के प्रबंधकों और वहां मौजूद गार्ड में अंतर साफ दिखाई दे रहा है। सबसे पहले देखते हैं कि दर्शन करने आए और भीड़ में खड़े होकर अपने आराध्य देव का वीडियो बनाने पर एक युवक के साथ क्या बर्ताव हुआ। आप ध्यान दे देखिये, किस तरह से इस युवक को पीछे से जोरदार धक्का दिया गया। धक्का देने के बाद भी संबंधित गार्ड को इसका कोई पछतावा नहीं है। दूसरे वीडियो में आप देख सकते हैं कि किस प्रकार से वीआईपी अतिथि के आने पर पूरा प्रबंधन गद्गद हो गया है। वीआईपी आराम से खड़े होकर दर्शन कर रहे हैं और उनके शानदार वीडियो भी बनाए जा रहे हैं। इसे लेकर प्रबंधन या संबंधित गार्ड की ओर से कोई भी रोक-टोक नहीं है। दर्शनार्थियों का कहना है कि ऐसे मंजर एक बार नहीं, कई कई बार या लगभग हर रोज सामने आते हैं। कई बार तो पुजारियों व मंदिर में कार्य करने वालों के परिचितों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है जबकि आम दर्शनार्थी धक्के खाता है। यदि समय रहते स्थितियों नहीं सुधारी गई तो भक्तों का सख्त विरोध और आक्रोश प्रबंधन को झेलना पड़ सकता है।

ट्रेलर की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत, ठेकेदार की लापरवाही पर भड़के ग्रामीणों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर सोमवार को एक और दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे निर्माण कार्य में लगी ठेकेदार कंपनी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क दुरुस्त नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

घटना गोगुंदा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, खाखड़ी निवासी रूपलाल तेली (70) सोमवार सुबह अपनी स्कूटी से होटल की ओर जा रहे थे। इस दौरान पिंडवाड़ा की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें चपेट में ले लिया। सड़क पर निर्माण कार्य के कारण जगह-जगह गड्ढे और उखड़े हिस्से बने हुए हैं, जिससे रूपलाल असंतुलित होकर ट्रेलर के नीचे आ गए। हादसा इतना भीषण था कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेलर चालक दुर्घटना के बाद वाहन छोड़कर भाग निकला। हालांकि मौके पर मौजूद मुकेश श्रीमाली नामक युवक ने साहस दिखाते हुए आरोपी ड्राइवर का पीछा किया और टोल प्लाजा पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गोगुंदा थाना पुलिस ने ट्रेलर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे निर्माण कार्य में ठेकेदार ने कई महीनों से सड़क को स्क्रैच कर खुला छोड़ रखा है। गड्ढों और ऊंच-नीचे कटाव के कारण आए दिन वाहन चालक फिसलकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और ठेकेदार के प्रति गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि दो दिन पहले भी इसी हाईवे पर ढोल गांव के केशुलाल जैन ट्रेलर की चपेट में आ चुके हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार गोगुंदा के अधिकारियों को सड़क की स्थिति से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

मौके पर पुलिस की मौजूदगी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

हादसे की सूचना पर गोगुंदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। वहीं ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही पर जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर शांत कराया।

बेटियां नशे की जड़ से भी बचा सकती हैंः डॉक्टर पीसी जैन का कॉलेज में नशा मुक्ति सत्र

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर, 6 अक्टूबर। अणुव्रत समिति के तत्वाधान में कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी और एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित नशा मुक्ति अभियान में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पीसी जैन ने छात्राओं को "गर्ल्स कैन प्रीवेंट एंड ट्रीट दी एडिक्शन" विषय पर विस्तृत जानकारी दी। तीन दशकों के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि बेटियां—चाहे वह पत्नी, बहन, मां, बहू या सास हों—घर में नशे की गिरफ्त से परिजनों को बचाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। डॉ. जैन ने मोबाइल एडिक्शन पर भी आगाह किया। उनके अनुसार बच्चे आक्रामक हो रहे हैं, सामाजिक संपर्क कम हो रहा है, प्रेगनेंसी में डिजिटल डिवाइस का अत्यधिक प्रयोग बच्चों के व्यवहार और दृष्टि पर प्रभाव डाल रहा है, और मोबाइल एडिक्शन तलाक की प्रमुख वजह बनता जा रहा है। उन्होंने छात्राओं को शराब, तंबाकू और अन्य नशों के लिंग आधारित प्रभाव भी समझाए। महिला पर हार्ट अटैक, डिप्रेशन और गर्भपात का खतरा दोगुना होता है, साथ ही बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकृतियों का जोखिम बढ़ता है।

हॉल्ट सूत्र (H-Hunger, A-Anger, L-Loneliness, T-Tiredness) के माध्यम से बताया कि क्यों नशा करने की तीव्र इच्छा होती है। डेट रेप ड्रग जैसी रंगहीन, गंधहीन और स्वाद रहित दवाओं के दुरुपयोग के प्रति भी छात्राओं को सावधान किया। परिवार की भूमिका पर जोर देते हुए डॉ. जैन ने कहा कि महिलाएं नशे की स्थिति में परिजनों से बहस न करें, शंकालु न बनें, बल्कि उनका पूर्ण इलाज सुनिश्चित करें, क्योंकि हर नशा छुड़ाने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक है। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष प्रणेता तलेसरा ने किया। नशा मुक्ति प्रभारी गगन तलेसरा ने डॉ. जैन का परिचय कराया, स्वागत लक्ष्मी कोठारी ने किया और कोषाध्यक्ष मधु सुराणा ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। हॉस्टल वार्डन डॉ. पूनम और सहयोगी पारूल ने अणुव्रत समिति का आभार व्यक्त किया। छात्राओं खुशबू, अंजलि, पूजा, काजल, सूरज, प्रियंका, सलोनी, भव्या आदि ने नशा मुक्ति गीत और नृत्य में भाग लिया, और डॉ. जैन ने उन्हें व्यक्तिगत प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया।

स्कूल में भेंट किया बोर्ड, बच्चों को करवाया जलपान

24 न्यूज अपडेट



24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुलबपुरा खेरोदा (भीण्डर) में आज खेरोदा निवासी समाजसेवी मदनलाल बोकड़िया ने अपने पौत्र मुक्तांश बोकड़िया के जन्म दिवस पर एक व्हाइट बोर्ड भेंट किया एवं छात्र छात्राओं को जलपान करवाया। प्रधानाध्यापक वीरेन्द्रसिंह ने बताया कि इस अवसर पर श्री बोकड़िया ने बच्चों से स्वच्छता का ध्यान रखने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यापक मूलचंदजी, वीरेन्द्रसिंहजी आदि मौजूद थे।

पंजाब के राज्यपाल श्री कटारिया 13 से उदयपुर प्रवास पर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 अक्टूबर। पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया 13 अक्टूबर से उदयपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री कटारिया 13 अक्टूबर को सुबहविमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। अगले दिन 14 अक्टूबर को श्री कटारिया उदयपुर मेंप्रस्तावित विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों की मीटिंग में भाग लेंगे। इसके पश्चात् राजस्थान महिला परिषद में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात् शाम 4 बजे सिटी पैलेस में प्रस्तावित मेवाड़ गौरव सम्मान समारोह में भाग लेंगे। श्री कटारिया 15 अक्टूबर को सुबह 8.20 बजे डबोक एयरपोर्ट से चण्डीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

हाईकोर्ट ने सरकारी बिल्डिंगों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर उठाए सवालःमौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- ट्रोमा सेंटर तो नया बना है, कहीं आग, कहीं छत गिर रही है



24 न्यूज अपडेट

एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में लगी आग को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने आज मौखिक टिप्पणी करते हुए सरकारी बिल्डिंगों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सवाल खड़े किए। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक जैन की अदालत आज झालावाड़ स्कूल हादसे को लेकर स्वप्रेरणा से दर्ज याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

सुनवाई के दौरान बैंच ने देर रात हुए ट्रोमा अग्निकांड को लेकर कहा कि सरकारी बिल्डिंगों में यह क्या हो रहा है। कहीं आग लग रही है, कहीं छत गिर रही है। अदालत ने कहा कि एसएमएस का ट्रोमा सेंटर तो नया बना है,वहां भी ऐसा हादसा हो गया।

हम मुख्य सचिव से स्पष्टीकरण मांगेंगे

आज सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जर्जर स्कूलों को लेकर किए गए काम की जानकारी कोर्ट में दी गई। लेकिन अदालत सरकार की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हुआ। बैंच ने सरकार को निर्देश दिए कि वह जर्जर स्कूलों पर अभी तक खर्च की गई राशि, स्कूलों पर आगामी दिनों में खर्च होने वाले बजट और पूरी प्रक्रिया का रोडमैप पेश करे।

अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- सरकार 9 अक्टूबर तक रोडमैप पेश करे। वरना हम मुख्य सचिव को स्पष्टीकरण के लिए बुलाएंगे।

डूंगरपुर में दो युवकों पर हमले के विरोध में प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पर धरना



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुरः शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र के पातेला वाल्मीकि बस्ती में दो दलित युवकों पर हमले के विरोध में हिंदू संघर्ष समिति ने सोमवार को प्रदर्शन किया. हिंदू संगठनों ने गेपसागर की पाल से रैली निकाली और कलेक्ट्री के सामने विरोध प्रदर्शन किया. लोग उदयपुर रोड पर बैठ गए और नारे लगाए. हिंदू संगठनों ने हमलावरों के साथ ही उनके मददगारों को गिरफ्तार करने व सख्त कार्रवाई की मांग की.

चार दिन पहले एक पक्ष ने पातेला बस्ती में 2 युवकों पर हमला किया. घायल युवकों का डूंगरपुर अस्पताल में इलाज कराया. इसके बाद हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी दोनों युवकों के परिजनों से मिलने उनके घर गए तो उन पर भी हमले का प्रयास हुआ. भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या और विहिप जिलाध्यक्ष प्रकाश भट्ट पर भी हमले का प्रयास किया गया.

इसके विरोध में हिंदू संघर्ष समिति ने सोमवार को प्रदर्शन किया. इसमें विहिप बजरंग दल और भाजपा के अलावा कई हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हुए. ये गैपसागर की पाल पहुंचे और हमले पर आक्रोश जताया. हमलावरों के साथ ही सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की. आक्रोश रैली नारेबाजी करते गेपसागर की पाल से रवाना हुई.

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, चैंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री प्रभु पटेल समेत बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए. रैली तहसील चौराहा से कलेक्ट्री पहुंची. यहां जमकर नारेबाजी की गई. इसके बाद डूंगरपुर से उदयपुर मैन रोड पर जाजम बिछाकर बैठ गए. इसके चलते ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा. चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष केके गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वेलजी पाटीदार भी पहुंचे.

दुकानें भी बंदः विरोध-प्रदर्शन और रैली को देखते गेपसागर की पाल से कलेक्ट्री तक कई दुकानें बंद रही. पाल पर सुबह से दुकानें नहीं खुलीं. कलेक्ट्री रोड पर रैली के आते ही व्यापारियों ने दुकानें बंद कर ली. आधे दिन बाद सभी दुकानें खुल गई. चैंबर ऑफ कॉमर्स ने विरोध-प्रदर्शन को समर्थन दिया था.

38 हजार किलो से ज्यादा मिठाई का सामान सीजःबूरा, मिश्री और मखाने के नमूने को जांच के लिए भेजा, प्रतिबंधित केमिकल भी मिला



24 न्यूज अपडेट

कोटा में फेस्टिव सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत कार्रवाई के दौरान शहर के मैसर्स रामपति इंडस्ट्रीज, रानपुर का निरीक्षण किया गया,जिसमें कई अनियमितताएं मिली।

फर्म का फूड लाइसेंस उचित स्थान पर प्रदर्शित नहीं था, कर्मचारी बिना मास्क और ग्लव्स के काम कर रहे थे, पानी की जांच रिपोर्ट और पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड नहीं मिले, और निर्माण इकाई अनहाइजनिक स्थिति में पाई गई। मौके से 1270 कट्टों में 31750 किलो मिश्री, 200 कट्टों में 5000 किलो बूरा, और 29 ड्रमों में 1450 किलो सोडियम हाइड्रो सल्फाइड बरामद कर कुल 38,200 किलो माल सीज किया गया।

फूड सेफ्टी टीम ने बताया कि सोडियम हाइड्रो सल्फाइड का उपयोग खाद्य उत्पादों में प्रतिबंधित है क्योंकि यह FSSAI की परमिटेड सूची में शामिल नहीं है और इससे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। तीन नमूने बूरा, मिश्री और मखाने के लिए गए हैं जिन्हें खाद्य प्रयोगशाला कोटा भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यह पूरी कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों चंद्रवीर सिंह जादौन, अरुण सक्सेना और संदीप अग्रवाल की मौजूदगी में की गई। प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि दशहरा और दीपावली को देखते हुए मिलावटखोरी पर सख्त निगरानी रखी जाएगी।

मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखले का प्रतिभा समारोह में 34 प्रतिभाओं के साथ 28 भामाशाओं का हुआ सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखले का प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह 5 अक्टूबर 2025 रविवार को ग्राम पंचायत दरौली स्थित श्रीयादे देवी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। महामंत्री डीसी प्रजापत बिठौली ने बताया कि सम्मान समारोह में कुल 34 प्रतिभाओं के साथ 28 भामाशाओं का हुआ सम्मान किया गया ओर मंदिर परिसर में भोजनशाला, कार्यालय व पंडित कक्ष का अथिति द्वारा उद्घाटन किया गया, इस समारोह के मुख्य अतिथि चित्तौडगढ़ सांसद सीपी जोशी ने यथासम्भव समाज के विकास में सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। समारोह के उदघाटन कर्ता राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने दो कमरों का निर्माण करवाने की घोषणा की व विशिष्ठ अतिथि भाजपा देहात जिला अध्यक्ष एवं उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली ने डोम सहित इंटर लॉकिंग करवाने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मेवाड चौखले के अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत घासा ने की राज्यसभा सांसद के समुख 2 कमरों के लिए 10 लाख की मांग रखी जिसको सहर्ष स्वीकार करते हुए 10 लाख की घोषणा की साथ ही उप जिला प्रमुख पुष्कर जी तेली को डोम ओर इंटर लॉकिंग हेतु निवेदन किया उप प्रमुख जी ने तत्काल 10 लाख की घोषणा डोम ओर इंटर लॉकिंग हेतु की इस पर प्रजापति समाज में इन घोषणाओं को लेकर हर्ष व्याप्त हे और कार्यक्रम में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले कक्षा 10 वीं, 12 वीं व उच्च शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और मंदिर परिसर में योगदान देने वाले भामाशाहों का स्वागत किया, सचिव प्रकाश प्रजापत ने बताया कि इस मौके पर 28 भामाशाओं का सम्मान किया।मदनलाल प्रजापत साकरोदा ने 2 कमरों का निर्माण में 5.70 लाख का योगदान ,कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापत दरौली ने जल मन्दिर में 93 हजार पांच सो रुपए की राशि का योगदान, नाथूलाल प्रजापत महाराज कि खेड़ी द्वारा 63 हजार पांच सौ रुपए का योगदान इन भामाशाओं की और से समय—समय पर समाज में होने वाले कार्यो में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस कार्यक्रम में भोजन प्रसाद का सहयोग करने वाले भामाशाह भगवान प्रजापत साकरोदा, प्रतिभाओं के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रशंसा पत्र प्रदान करने वाले प्रकाश प्रजापत भटेवर व टेंट सुविधा उपलब्ध करवाने वाले रविन्द्र जैन दरौली, प्रतिभाओं को गणेश मूर्ती और स्टेशनरी राजेंद्र प्रजापत मोलेला, फोटो ग्राफी व्यवस्था मनीष प्रजापत खेड़ी सभी भामाशाहों का अतिथियों की ओर से सम्मान किया गया। इस मौके पर बागथल निवासी शंकरलाल प्रजापत की ओर से प्रत्येक प्रतिभाओं को 500 रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

शहरी सेवा शिविर - विभिन्न कार्यों पर शुल्क पर मिल रही राहत

24 न्यूज अपडेट

शहरी सेवा शिविर के तहत उदयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम उदयपुर तथा जिले की विभिन्न नगरपालिकाओं में शिविर आयोजित हो रहे हैं। इसमें राज्य सरकार के निर्देशानुसार विभिन्न कामों के लिए शुल्क में राहत का भी लाभ आमजन को मिल रहा है। नगर निगम उदयपुर की ओर से अब तक आयोजित शिविरों में 109,476 ट्रेड लाइसेंस जारी किए गए। 1,190.44 लाख रुपये यूडी टैक्स वसूली की गई। 1,598 भवन निर्माण अनुमतियां दी गईं।109 भूमि उपयोग परिवर्तन पूरे किए। 1,634 फ्रीहोल्ड पट्टे जारी किए। 103 किमी सड़क निर्माण/मरम्मत एंव 95 किमी सीवरेज लाइन सुधार किया गया। 8.993 लाख रुपये लीज रिकवरी भी की गई। आमजन की सुविधा के लिए 32 नई स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई। इसके अलावा फतेहनगर, वल्लभनगर, मावली, कांदई, खेड़वाड़ा, रिशभदेव, सेमारी व भीण्डर नगरपालिकाओं में भी शिविर प्रगति पर हैं। फतेहनगर में 13 पट्टे व 20 ट्रेड लाइसेंस जारी हुए। वल्लभनगर में 37 भवन अनुमतियां, 51 ट्रेड लाइसेंस तथा भीण्डर में 136 ट्रेड लाइसेंस, 78 फ्रीहोल्ड पट्टे, 12 भवन अनुमतियां, 41 सीवरेज कनेक्शन जारी हुए। सभी पालिकाओं में पीएम-स्वनिधि और मुख्यमंत्री स्वनिधि योजनाओं के तहतलोन वितरण कार्य भी जारी हैं।

80 प्रतिशत से अधिक प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण

जिला कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से सरकार की सेवा ही संकल्प की भावना को सशक्त रूप से धरातल तक पहुंचाया जा रहा है। जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सवा दो सौ से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा शिविरों में सभी विभागों की निस्तारण दर 80 से 90 प्रतिशत के बीच रही है।

दिन-दहाड़े पावर बाईको से चैन स्नैचिंग करने वाली गैंग के 6 शातिर अपराधी शहर में बड़ी ज्वैलर्स की दुकान में डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार व एक नाबालिग डिटेन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर शहर में पिछले दो महीनों से कुछ अपराधियों द्वारा संगठित रुप से गैंग बनाकर पावर बाईको का प्रयोग करते हुए शहर में दिन दहाडे चैन स्नैचिंग की घटनाएं होने से घटनाओं का रोकने के लिए शहर के सभी थानाधिकारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में टीमें गठित कर अपराधियो को पकडने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसी कम में श्री उमेश ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर व श्री छगन पुरोहित पुलिस उप अधीक्षक वृत्त नगर पूर्व के सुपरविजन में श्री भरत योगी थानाधिकारी, हिरणमगरी के नेतृत्व में थाने से टीम बनाई जाकर मुल्जिमान की धरपकड शुरु की गई। जिस पर टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चैन स्नैचिंग की घटनाओ के सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर तकनीकी विश्लेषण से शहर में घटित चैन स्नैचिंग की टनाओं में अभियुक्तों द्वारा उपयोग में लिये गये वाहन स्पलेण्डर बाईक व केटीएम डयूक बाईकों पर सवार होकर अपराधियों द्वारा घटनाओ को पेशेवर तरीके से करना सामने आया। नवरात्रि में उपरोक्त अपराधियों द्वारा वारदात कर अलग अलग माताजी के मन्दिरो में जाकर छुपने की जानकारी सामने आई। जिस पर टीम द्वारा नवरात्रि में अपराधियों का पीछा किया गया। अपराधी शातिर होने से बार बार अपनी अपनी बाईक चेंज कर अलग अलग कपडे पहनकर व अलग अलग हुलिया बनाकर नवरात्र में अलग अलग मेले व मंदिरो में जाकर छुप जाते है। जिस पर मेलो में भीडभाड होने के बावजूद तलाश की तो दो केटीएम बाईक संदिग्ध लगने से उनका पीछा किया व जिसमे से एक बाईक केटीएम डयूक जिस पर टूटी हुई नम्बर प्लेट पर आर जे 26 बाईक का सुराग लगा। जिस पर आज दिनांक 06.10.2025 को टीम को जरिये मुखबीर सूचना मिली की रीको एरिया में 7-8 जवान उम्र के लडके झाडियों की आड में बैठे हुए है। जिनके पास दो केटीएम बाईक व दो स्पलेण्डर बाईक है। जो कोई बडी वारदात करने की फिराक में होकर योजना बना रहे है। जिस पर टीम द्वारा दबिश दी जाकर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। चैन स्नैचर गिरोह को पकडने में विशेष टीम द्वारा किये गये प्रयासः- शहर के उपनगर क्षेत्रों में लगातार स्कूटी सवार व पैदल चलने वाली महिलाओं से सुबह के वक्त अज्ञात बाईक सवार युवको द्वारा चैन छीनने की लगातार वारदातों के खुलासे हेतू थाना हिरणमगरी के पुलिस जाब्ते में से एक विशेष टीम 'टार्गेट' (TARGET) बनाई गई। जिसमें श्री राजेन्द्र सिंह हैड कानि. श्री भगवतीलाल हैड कानि, श्री राज कुमार जाखड कानि, श्री नंदकिशोर कानि, श्री किरेन्द्र सिंह कानि, श्री हेमेन्द्र कानि, श्री कल्पेश कानि, श्री विजय सिंह कानि, श्री प्रताप सिंह कानि. को शामिल किया गया। टीम द्वारा सादे वस्त्रों में पावर बाईक लेकर चैन छीनने की सम्भावित स्थान मंदिर, पार्क, सुनसान रोड पर लगातार निगरानी की गई व शहर में हुई अलग अलग वारदातो के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये तो सभी घटनाओं में बदमाशों द्वारा एक विशेष ओरेंज कलर की केटीएम डयूक पावर बाईक का प्रयोग होना ज्ञात आया। विशेष पुलिस टीम 'टार्गेट' (TARGET) के सदस्यों द्वारा एक वॉटसअप ग्रुप बनाया जाकर संदिग्ध 100 से अधिक केटीएम बाईक सवार युवको को डिटेन कर पूछताछ की गई। बाईक व संदिग्धों का हुलिया आपस में वॉटसअप ग्रुप में शेयर कर घटना की पीडिताओं को चैक करवाया गया व लगातार 15 दिन तक निगरानी रखते हुए तलाश जारी रखी। अपराधी शातिर होने से बार बार अपनी अपनी बाईक चेंज कर अलग अलग कपडे पहनकर व अलग अलग हुलिया बनाकर नवरात्र में अलग अलग मेले व मंदिरो में जाकर छुप जाते है। जिस पर मेलो में भीडभाड होने के बावजूद तलाश की तो दो केटीएम बाईक संदिग्ध लगने से उनका पीछा किया व जिसमे से एक बाईक केटीएम डयूक जिस पर टूटी हुई नम्बर प्लेट पर आर जे 26 बाईक का सुराग लगा। जिस पर आज दिनांक 06.10.2025 को टीम को जरिये मुखबीर सूचना मिली की रीको एरिया मे 7-8 जवान उम्र के लडके झाडियो की आड में बैठे हुए है जिनके पास दो केटीएम बाईक व दो स्पलेण्डर बाईक है जो कोई बडी वारदात करने की फिराक में होकर योजना बना रहे है।

संशय का निवारण सिर्फ रामकथा में : पुष्कर दास महाराज

हि. म. से-14 स्थित रुद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण संगीतमय कथा का चौथा दिन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित रुद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण जेके ब्लॉक में संगीतमय रामकथा के चौथे दिन पुष्कर दास महाराज ने कहा कि आज के समय में कथाएं बहुत महंगी हो रही है सत्य का मार्ग,कल्याण का मार्ग महंगा नहीं होना चाहिए। कथा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। आज के समय में मोह के कारण बीमारियां ज्यादा हो रही हैं। मन की बीमारी का इलाज कथा सत्संग में है। सती संशय करने के कारण मन से बीमार हुई । जिसको बात बात पर संशय हो वो प्रभु के निकट नहीं जा सकता। इसलिए कहा गया संशय आत्मा विनश्यति द्य संशय का निवारण भगवद कथा सुनना द्य भगवान शकर इसलिए सती को अगस्त ऋषि के आश्रम में ले गए ताकि वहां संशय का निवारण हो सके। जो कभी किसी से राग, द्वेष नहीं करे वहीं सही संन्यासी है। जो घट घट में बोल रहा वही राम है, भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम है। दशरथ का मतलब दसों इंद्रियों का रथ वही दशरथ, भगवान हर जीव में विद्यमान है हम दुनिया के भौतिक वाद में भगवान को भूल गए है। इसलिए संतों ने कहा थोड़ी थोड़ी देर में कहते रहो हे नाथ में आपको भूलूं नहीं । कई लोग कथा में बैठते हे परन्तु मन कही और होता है, विचारों की भीड़ सभी जगह है। विचार अपने लोगों के होते है, मां को बेटे का,पत्नी को पति का, माता पिता को बच्चों का विचार रहता है। सत्संग में बैठने से हमारे विचारों का शमन होता है, सत्संग से हमे जीवन जीने का ज्ञान होता है। ध्यान पूर्वक जो कथा श्रवण करते हे उन्हें संतों की उपमा दी जाती है। आगे कहा कहा सती के पिता दक्ष ने शिव से द्वेषता के कारण यज्ञ किया द्य इसलिए यज्ञ सफल नहीं हुआ द्य महाराज ने कहा कथा मनोरंजन प्रधान नहीं आत्मानुरंजन होनी चाहिए। दर्पण शब्द की व्याख्या करते हुए कहा सही दर्पण तो हमारी रामायण है जो हमारी कमियां दिखाती है।

सोमवार को रुद्रेश्वर महादेव विकास समिति के महेश त्रिवेदी, मनोज भट्ट, जगदीश व्यास, प्रवीण सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, मंजू कुंवर कृष्णा भाटी, गोविंद सिंह, राहुल सिंह एवं अतिथि के रूप में हरि सिंह, सत्येंद्र सिंह, राकेश शर्मा, कन्हैया लाल माली, राकेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में वि_ल वैष्णव ने बताया मंगलवार को कथा में राम जन्म उत्सव धूम धाम से मनाया जाएगा ।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com



जयपुर एसएमएस हादसे से टूटी उदयपुर प्रशासन की नींद, उदयपुर के अधिकतर अस्पतालों में नहीं है फायर एस्केप प्लान, फायर स्टेयर, फायर लिफ्ट






24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर के जिला प्रशासन की सबसे बड़ी खासियत ही यही है कि वह तब तक नींद से नहीं जागता जब तक कोई हादसा नहीं हो जाता। यहां के नेताओं की भी यही खासियत है कि वे अपने मतलब के लिए तो तुरंत सिस्टम को झकझोर देते हैं लेकिन पब्लिक इंटरेस्ट की बातें आते ही पल्ला झाड़ देते हैं। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भीषण आग हादसे के बाद पूरे राजस्थान में खलबली मची हुई है। सबको डर सता रहा है कि कहीं उनके यहां यह हादसा हुआ तो क्या जवाब देंगे?? किरकिरी से बचने के लिए आज उदयपुर जिला प्रशासन अचानक सक्रिय हुआ है। जबकि 24 न्यूज अपडेट अपनी खबरों के माध्यम से कई कई बार जिला प्रशासन को इस बारे में चेतावनी दे चुका है कि शहर के कई अस्पतालों के पास भीषण आग से लड़ने की कोई क्षमता, दक्षता और तैयारियां नहीं हैं। इसके लिए प्रशासन की ओर से भी कोई निर्देश नहीं है। यहां तक कि सीएमएचओ को कई बार आरटीआई के माध्यम से इस संबंध में सवाल पूछे गए लेकिन बहानेबाजी करते हुए सही जवाब ही नहीं दिए गए या पल्ला झाड़ दिया। आपको बता दें कि आज जिला कलेक्टर नमित मेहता ने सभी चिकित्सा संस्थानों की सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों की गहन समीक्षा के लिए आपात बैठक बुलाई। बैठक में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, एसडीएम गिर्वा अवुला साइकृष्ण, आरएनटी प्राचार्य डॉ विपिन माथुर, एमबी अस्पताल अधीक्षक डॉ आर एल सुमन, एडिशनल सीएमएचओ डॉ रागिनी अग्रवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने अस्पताल भवनों की फायर एनओसी, चौड़े गलियारे, सीढ़ियाँ, रैम्प, अग्निशमन लिफ्ट और प्रशिक्षित स्टाफ सहित आपातकालीन निकासी व्यवस्थाओं की तत्काल जांच और मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए लेकिन सच इससे बहुत परे है। जमीनी स्तर पर कोई तैयारी नहीं है। केवल एक दूसरे को काम ओढ़ाने और काम ढोलने व टालने की प्रवृत्ति चल रही है। सवाल उठता है कि उदयपुर में यह सक्रियता अब हादसा हो जाने पर ही क्यों? आरटीआई में बार-बार पूछे जाने के बावजूद प्रशासन ने अब तक जानकारी नहीं दी कि कितने अस्पतालों में रैम्प हैं और आग या अन्य आपात स्थितियों में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारी कितनी है।

कई अस्पताल मानक पर खरे नहीं

पत्रकार जयवंत भैरविया की इन्वेस्टिगेशन में यह सामने आया है कि उदयपुर के कई बहुमंजिला अस्पताल राष्ट्रीय भवन संहिता-2016 (भाग 4: अग्नि एवं जीवन सुरक्षा) के मानकों पर खरे नहीं उतरते। इसमें चौड़े गलियारे, रैम्प, फायर स्टेयर्स, स्ट्रेचर और निकासी कुर्सियों जैसे उपकरण अनिवार्य हैं। बातचीत में विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि रैम्प और वैकल्पिक उपकरणों की कमी आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर और गंभीर रोगियों के जीवन के लिए गंभीर खतरा है। नगर निगम, उदयपुर विकास प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग द्वारा अनुपालन की जांच पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्वास्थ्य और सुरक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि उदयपुर में पहले जागरूकता और नियमित निरीक्षण की कमी प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। अब सवाल यह है कि क्या यह पहल सिर्फ जयपुर हादसे के बाद सतही रूप से उठी है, या शहर के मरीज और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थायी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस, जांच में सहयोग नहीं देने का आरोप, बामणिया बोले-तीन बार दे चुके हैं नोटिस का जवाब

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान सरकार के कार्यालय, संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जोन उदयपुर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकरलाल बामणिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उनके द्वारा जांच में उचित सहयोग नहीं देने और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप के संदर्भ में जारी किया गया है। आपको बता दें कि इस बारे में 24 न्यूज अपडेट ने खबर प्रकाशित की थी व बताया था कि किस प्रकार से बंद पड़े वाहनों का भी डीजल खर्च का अप्रत्याशित बिल उठा लिया गया। इस मामले में अब निदेशालय स्तर पर जांच की जा रही है।


कार्यालय संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जोन–उदयपुर।
E-mail : jdmh.nhs-rj@nic.in, jdmh.nhs.rj@gmail.com
क्रमांक :– जोन/सीएची/2025/1589 दिनांक :– 31/01/25
ज्वॉइंट डायरेक्टर मेडिसिन,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
उदयपुर।
ई–ऑफिस/अति–आवश्यक
विषय:– कारण बताओ नोटिस।
संदर्भ:–निदेशालय का राजपत्र आई.डी क्रमांक 1639996 दिनांक 06.07.2025 एवं इस कार्यालय का आदेश क्रमांक 1420 दिनांक 26.08.2025. एवं पत्रांक 1306 दिनांक 07.08.2025.
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संदर्भित पत्रों द्वारा "एक जांच और तीन बार लिखी चिट्ठियां, अनुत्तरित सवाल–बीजल किसने पिया, गाबी ने या अफसरों ने के संबंध में" विषयक जांच कर जांच रिपोर्ट तैयार करने हेतु आ0प0सं0 के संदर्भित आदेश द्वारा जांच दल का गठन किया गया था परन्तु प्रभारी जांच दल के पत्रांक 251 दिनांक 28.08.2025 द्वारा यह अवगत करवाया गया है की आपके द्वारा जांच में जांच करने हेतु जांच में उचित सहयोग नहीं देने तथा जांच दस्तावेज आज दिनांक तक जांच दल को सुपुर्द नहीं करने तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के लिए आप दोषी पाय गया है।
अतः आपको कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर निर्देशित किया जाता कि आपके विरूद्ध उक्त प्रकरण में दोषी पाये जाने के फलस्वरूप अपना प्रत्युत्तर मय प्रमाणित साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता को पत्र प्राप्ति के 03 दिवस में प्रस्तुत करें।
आपका प्रतिउत्तर संतोषप्रद प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को रूबरू प्रेषित कर दी जायेगी जिसके लिए आप स्वयं व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।
संयुक्त निदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
जोन–उदयपुर।
क्रमांक :– जोन/सीएची/2025/1589 दिनांक :– 31/01/25
प्रतिलिपि–
01. निदेशक (जन स्वा0), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर।
02. अतिरि निदेशक (राजपत्रित), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर।
संयुक्त निदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
जोन–उदयपुर।

इस बारे में लगातार पत्र व्यवहार भी चल रहे हैं। अब यह कार्रवाई निदेशालय और जोन उदयपुर कार्यालय के आदेश के संदर्भ में की गई है। डीजल घोटाले के मामले में आदेश द्वारा गठित जांच दल ने की थी, नोटिस में आरोप लगाया गया कि सीएमएचओ डॉ. बामणिया द्वारा जांच दस्तावेजों को सुपुर्द नहीं किया गया और जांच में सहयोग नहीं दिया गया। जांच दल ने अपने पत्र के माध्यम से यह रिपोर्ट साझा की थी। इसके आधार पर संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जोन उदयपुर ने सीएमएचओ को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन के भीतर लिखित उत्तर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस नोटिस में यह बताया गया कि यदि प्रत्युत्तर संतोषप्रद नहीं पाया गया तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जब हमने उदयपुर के सीएमएचओ डॉ. शंकर बामणिया से बात की, तो उन्होंने बताया, "हम इस मामले में पहले ही तीन बार अपने जवाब भेज चुके हैं।

गौरव वल्लभ भाजपा के स्लीपर सेल, टिकट देना कांग्रेस की गलती : यशोमती ठाकुर



24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। कांग्रेस की ऑब्जर्वर और महाराष्ट्र की पूर्व मंत्री यशोमती ठाकुर ने उदयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बातचीत करते हुए बताया, "गौरव वल्लभ भाजपा के स्लीपर सेल ही थे, जो कांग्रेस में घुसे हुए थे। उन्हें बाहर निकाल दिया गया। विधानसभा चुनावों में उन्हें टिकट नहीं देना चाहिए था, लेकिन पार्टी ने दिया। यह गलती थी और अब हम इसे सुधारेंगे।" ज्ञात हो कि कांग्रेस ने पिछली विधानसभा चुनावों में प्रो. गौरव वल्लभ को उदयपुर से उम्मीदवार बनाया था। इस मौके पर यशोमती ठाकुर ने उदयपुर शहर जिला और उदयपुर देहात कांग्रेस अध्यक्ष के नामों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत राजस्थान में जिलाध्यक्षों के चयन के लिए उन्होंने पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी संभाली है। ठाकुर ने स्पष्ट किया, "पिछली गलतियां दोहराई नहीं जाएंगी। अध्यक्ष सक्रिय और काम करने वाला होना चाहिए। कौन होगा यह पार्टी तय करेगी। मेरा काम तो उदयपुर शहर और देहात से छह-छह नाम पार्टी नेतृत्व तक भेजने का है।" उन्होंने आगे कहा कि पार्टी जिले से लेकर ब्लॉक स्तर तक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद करेगी और उनकी भावनाओं को समझेगी, ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके।

प्रो. गौरव वल्लभ को भाजपा का स्लीपर सेल करार देते हुए कहा कि कांग्रेस ने उन्हें विधानसभा चुनावों में टिकट देकर गलती की, जिसे अब सुधारने की कोशिश की जा रही है। ठाकुर ने सोमवार को आनंद भवन होटल में संवाददाताओं से

संगठन सृजन से कांग्रेस और देश दोनों ओर मजबूत होंगे - यशोमती ठाकुर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। 06 अक्टूबर। एआईसीसी द्वारा 'संगठन सृजन अभियान' हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक यशोमती ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर कहा कि कांग्रेस पार्टी में वर्ष 2025 को 'संगठन सृजन वर्ष' के रूप में घोषित किया है। इसी क्रम में 'संगठन सृजन अभियान' चलाया जा रहा है जो कि अभी तक देश के चार राज्यों गुजरात, मध्यप्रदेश, झारखंड, हरियाणा, में हो चुका है। अब दिसंबर तक राजस्थान में भी 'संगठन सृजन अभियान' पूरा हो जाएगा। संगठन सृजन अभियान का मकसद अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है जिससे कि संगठन में काम करने वाले हर व्यक्ति को ताकत मिल सके और संगठन के साथ ही देश भी मजबूत हो सके। 'संगठन सृजन अभियान' से संगठन तो मजबूत होगा ही साथ में देश भी मजबूत होगा। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि अभियान का मकसद संगठन और देश में सर्वधर्म भावना को बढ़ाना है। संगठन मजबूत हो और सर्वधर्म भावना बढ़े जिससे कि देश भी सुरक्षित रहे आठ ही सही बात ऊपर तक पहुंच सके यही इस अभियान का मकसद है। इस अभियान में हम जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक के साथ-साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठकर भी लेंगे और सभी से वन टू वन चर्चा भी करेंगे। जिससे कि संगठन और अधिक मजबूत हो सके और इसके लिए हमने 10 अक्टूबर तक सभी ब्लॉक में जाने का कार्यक्रम बना लिया गया है। और हम हर ब्लॉक में जाकर पदाधिकारियों, वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे वन टू वन चर्चा करेंगे। प्रेस वार्ता में यशोमती ठाकुर के साथ पीसीसी ऑब्जर्वर चेतन डूडी, अभिषेक चौधरी, गोविंद डांगा, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, ताराचंद मीणा, पूर्व विधायक प्रीति शक्तावत, जगदीश राज श्रीमाली, पीसीसी उपाध्यक्ष हीरा लाल दरांगी, पूर्व मंत्री डॉ मांगी लाल गरासिया, पीसीसी महासचिव पंकज शर्मा, सुरेश सुथार, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित, शहर प्रवक्ता पंकज पालीवाल, गजेंद्र कोठारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विश्व वास्तुकला दिवस पर उदयपुर में सजा रंगों का उत्सव - "रंगतः रास्ता री" में झलकी मेवाड़ी परंपरा और लोकजीवन की झलक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 अक्टूबर। झीलों की नगरी उदयपुर इन दिनों कला और संस्कृति के अद्भुत संगम से सराबोर है। विश्व वास्तुकला दिवस के उपलक्ष्य में यहां शुरू हुआ दस दिवसीय कला उत्सव "रंगत – रास्ता री" कलाकारों, विद्यार्थियों और शहरवासियों के लिए रचनात्मकता का खुला मंच बन गया है। उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) के तत्वावधान में अर्बन स्केचर्स उदयपुर, क्रिएटिव सर्किल और ऐसा फॉर यू संस्थाओं के सहयोग से आयोजित इस आयोजन ने शहर के आरटीओ अंडरपास को रंगों से जीवंत कर दिया है। दीवारों पर मेवाड़ी संस्कृति, गवरी, गणगौर, लोक नृत्य, हस्तकला और ग्रामीण जीवन की झांकियां उकेरी गई हैं। करीब 100 से अधिक कलाकारों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर इन चित्रों के माध्यम से मेवाड़ की समृद्ध परंपरा को नया जीवन दिया है।

कला के रंगों में सजी नागरिक भागीदारी

रंग-ब्रश के इस उत्सव में हर चित्र उदयपुर की आत्मा को प्रतिबिंबित कर रहा है। कलाकारों ने न केवल लोककला के रंग भरे, बल्कि शहर को सजाने-संवारने की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाई। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने कहा - "उदयपुर की पहचान सिर्फ झीलों और महलों से नहीं, बल्कि उसकी रचनात्मक आत्मा से भी होती है। 'रंगत – रास्ता री' उत्सव नागरिकों की सहभागिता से शहर की सुंदरता को नया आयाम दे रहा है। यह पहल उदयपुर को सांस्कृतिक और सौंदर्य दृष्टि से और समृद्ध बनाएगी।"

वास्तुकला पर संवाद और सीख का मंच

वास्तुकला दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यशाला में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि वास्तुकला केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और पर्यावरण के संतुलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विकास में पारंपरिक वास्तुकला की आत्मा को बनाए रखना ही असली चुनौती है।

आने वाले दिनों में विशेष गतिविधियाँ

आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में पेंटिंग वर्कशॉप, लाइव आर्ट, म्यूजिक सेशन और लोक कलाकारों के प्रदर्शन होंगे। उत्सव का उद्देश्य शहर को 'ओपन गैलरी' के रूप में विकसित करना है, जहाँ हर दीवार, हर मोड़ कला की कहानी कहे।

विश्वविद्यालय परीक्षाओं में अनियमितता पर छात्रों का विरोधः BCA और BA एनसी परीक्षाओं में सिलेबस से बाहर आए प्रश्न पत्र



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 अक्टूबर। मोहानलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में परीक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर छात्रों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। छात्रों ने कुलसचिव को लिखे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय में संचालित नियमित और गैर-नियमित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में लगातार शैक्षणिक अनियमितताएं की जा रही हैं। छात्रों ने बताया कि हाल ही में आयोजित BCA द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में सिलेबस से बाहर प्रश्न पूछे गए थे। इस मामले में विरोध दर्ज कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं बीए (नॉन कॉलेजियट) की परीक्षा में भी 100 प्रतिशत प्रश्न सिलेबस से बाहर बताए गए हैं। छात्रों ने मांग की है कि संबंधित विषयों में औसत अंक (Average Marks) प्रदान किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक नुकसान न हो। छात्रों ने कुलसचिव से मांग की है कि परीक्षा विभाग में व्याप्त लापरवाही पर तत्काल जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो विद्यार्थी आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा , तहसील के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बायडी पाल में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया और विभिन्न प्रतियोगीताएं करवाई गई जिसमें निबंध प्रतियोगिता, ड्राइंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले किशोर किशोरियों को पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से काउंसलर मनोज कुमार शर्मा के द्वारा आरकेएसके प्रोग्राम के उद्देश्य और कार्य एवं पोषण स्वास्थ्य, यौन प्रजनन स्वास्थ्य, एनीमिया, महावारी स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य, संक्रामक रोग के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार मीणा द्वारा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए छात्रों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रागिनी मीणा, एएनएम बसु डामोर, आशा सहयोगिनी लक्ष्मी देवी, अध्यापक, अध्यापिका,कमला असोडा, पुष्पा मीना,योगेश गरासिया,हैप्पी मीना,नेहा पटेल आदि कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।